an>

Title: Need to post adequate para-military force to tackle the menace of naxalism in Bokaro district, Jharkhand.

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह)** ः जुलाई, 2015 में बोकारो जिला के अंतर्गत बी.एण्ड के. के क्षेत्र क खासमहल परियोजना में दर्जनों ट्रकों में माओवादी उग्रवादियों द्वारा आग लगा दी गई। ट्रकों (डम्परों) में कोयला लदा हुआ था, जिसके कारण करोड़ों की क्षति हुई है। इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा मामले को दिनांक 04.08.2015 को नियम 377 के अंतर्गत उठाया गया है और संबंधित विभाग से उत्तर भी प्राप्त हुआ है, परंतु उत्तर संतोषजनक नहीं है। भारी संख्या में अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती के पश्चात इस क्षेत्र में ऐसी घटनाओं की कई बार पुनरावृत्ति हुई है। घटना के समय समीप के सरकारी लोक उपक्रम द्वारा अग्निशामक उपलब्ध नहीं कराया गया और आज की तिथि तक घटनास्थल और प्रभावित क्षेत्र में अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती नहीं की गई है और घटना में हुए संपत्ति के नुकसान का मुआवजा पीड़ित पक्ष को उपलब्ध नहीं कराया गया है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि प्रभावित क्षेत्र में पर्याप्त अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती, आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक उपकरण (अग्निशामक) आदि उपलब्ध कराते हुए नक्सली हमले में हुई क्षति का मुआवजा प्रदान कराने की व्यवस्था की जाए।